दिन–शुक्रवार | दिनांक– 02 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. मौसम विभाग ने अगले छत्तीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, गया, जमुई, कटिहार, मुंगेर, नवादा और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा– नीट–यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस में बड़े पैमाने पर पेपर लीक की घटना नहीं हुई। पेपर लीक का मामला केवल पटना और हजारीबाग तक ही सीमित रहा।

03. एससी–एसटी आरक्षण में कोटे के अन्दर कोटे के प्रावधान पर राजनीति हुई तेज। राजद ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संविधान की मूल भावना के खिलाफ बताया।

04. और, सीबीआई दिल्ली के राजेन्द्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन छात्रों की हुई मौत के मामले की जांच करेगी।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले छत्तीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, गया, जमुई, कटिहार, मुंगेर, नवादा और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इन जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, अरवल, बेगूसराय, भागलपुर, गया, जहानाबाद, कैमूर, खगड़िया, लखीसराय, मुंगेर, नालंदा, नवादा, रोहतास और शेखपुरा जिले में भी कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने अपने विशेष मौसम बुलेटिन में इस अवधि में लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी सम्भावना है। साथ ही मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इस बीच, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य में अगले एक सप्ताह तक मॉनसून पूरी तरह सक्रिय बना रहेगा। साथ ही दो दिनों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नवादा के काशीचक में सबसे अधिक बयासी दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि नीट–यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस में बड़े पैमाने पर पेपर लीक की घटना नहीं हुई। पेपर लीक का मामला केवल पटना और हजारीबाग तक ही सीमित रहा। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि परीक्षा के आयोजन में सिलसिलेवार गड़बड़ियां नहीं मिली हैं। पीठ ने कहा कि सरकार को छात्रों के हित में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए की कमियों को जल्द से जल्द दूर कर लेना चाहिए। इसके अलावा पीठ ने एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनायी गयी समिति से नीट परीक्षा के लिए एसओपी तैयार करने को भी कहा। इस कमिटी से तीस सितम्बर तक रिपोर्ट मांगी गयी है।

———————————————————————

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि नीट–यूजी परीक्षा में शुचिता का कोई प्रणालीगत उल्लंघन नहीं होने और इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं होने पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी सरकार के रुख की पुष्टि करती है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री प्रधान ने कहा कि सरकार छेड़छाड़ मुक्त, पारदर्शी और शून्य–त्रुटि परीक्षा प्रणाली के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————————

इधर, नीट–यूजी परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि सरकार शुरू से इस बात को कह रही थी कि परीक्षा पारदर्शी तरीके से हुई है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सरकार के रूख की पुष्टि हुई है।

———बाईट———

———————————————————————

इधर, पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि नीट–यूजी परीक्षा में पेपर लीक की घटना हुई है। भले ही इसका दायरा दो शहरों तक ही सीमित रहा। उन्होंने कहा कि न्यायालय को पेपर लीक मामले पर ऐसा दिशा–निर्देश देना चाहिए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो।

———बाईट———

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में कोटे के अंदर कोटे की व्यवस्था पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संविधान की मूल भावना के विपरीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला उन्नीस सौ बत्तीस के पूना पैक्ट के खिलाफ है। श्री यादव ने कहा कि उनकी पार्टी इस फैसले के पक्ष में नहीं है।

———बाईट———

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजद नेता तेजस्वी प्रयाद यादव के बयान पर कहा कि वे संविधान विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि श्री यादव संवैधानिक संस्थानों का सम्मान नहीं करते हैं।

———बाईट———

इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा आरक्षण का समर्थन करती है।

———बाईट———

इधर जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि एससी और एसटी के आरक्षण में कोटे के अंदर कोटे की व्यवस्था पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अध्ययन के बाद ही कोई प्रतिक्रिया दी जाएगी।

———बाईट———

————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में दो दिवसीय राज्यपाल सम्मेलन राष्ट्रपति भवन में शुरु हो गया है। यह राष्ट्रपति के संचालन में राज्यपालों का पहला सम्मेलन है और सभी राज्यों के राज्यपाल इस बैठक में भाग ले रहे हैं। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, धर्मेन्द्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव और डॉक्टर मनसुख मांडविया भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके अलावा माई भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक वृक्ष मां के नाम और प्राकृतिक खेती जैसे कई अभियानों में राज्यपालों की भूमिका पर भी चर्चा होगी। इसके साथ ही राज्यपालों की भूमिका और राज्यों में विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सहित कईं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार–विमर्श होगा।

————————————————————————————

सीबीआई दिल्ली के राजेन्द्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन छात्रों की हुई मौत के मामले की जांच करेगी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने घटना की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है। न्यायालय ने सरकारी कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के कारण हादसा होने की आशंका जतायी है।

————————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राज्य में चार विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए एनडीए के घटक दलों के बीच समझौता हो

गया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा की जायेगी।

---बाईट---

---

कटिहार पुलिस ने मक्का किसानों से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरोह के सरगना गौतम चौधरी और उसके एक सहयोगी कृष्णा जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से चार करोड़ आठ लाख रूपये से अधिक की राशि बरामद की गयी है। वहीं, विभिन्न बैंक खातों को सील कर दिया गया हैं बैंक में लगभग इकतीस लाख रूपये मिले हैं।

---

बेगूसराय जिले के लोहिया नगर थाना क्षेत्र स्थित ओवर ब्रिज के पास से पुलिस ने सेना के एक जवान को पचहत्तर डेटोनेटर और नब्बे अन्य विस्फोटक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पुलिस अधीक्षक पूछताछ कर रहे हैं।

---

पूर्णियां के एक आभूषण दुकान से पिछले दिनों करोड़ों रूपये के जेवरात लूट मामले में एसटीएफ ने पटना के शास्त्रीनगर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

औरंगाबाद जिले में केंद्रीय सुरक्षा बलों और जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में माली थाना क्षेत्र अंतर्गत बेला खैरा गांव से दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक नक्सली पर तीन लाख रूपये का इनाम घोषित था।

---

गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत न्यूज फ्रेंडली कॉलोनी से केरल पुलिस और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में एक साईबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उस पर एक करोड़ पच्चीस लाख रूपये ठगी का आरोप है। गिरफ्तार अपराधी उत्तर प्रदेश के जौनपुर का रहने वाला है।

---

नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत कागजी मोहल्ले में ताड़ का एक पेड़ टूटकर मोटरसाईकिल सवार दो युवकों पर गिर गया। इस हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

---

सहरसा जिले के पतरघट थाना क्षेत्र के नवटोलिया में अपराधियों ने भूमि विवाद में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक को दस गोलियां मारी गयी।

———————————————————————

शेखपुरा के जिला जज पवन कुमार पांडे ने आपराधिक मामलो में गवाही नहीं देने वाले स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव इस्तफा हुसैन सहित चार अन्य आला अधिकारियों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

———————————————————————

किशनगंज जिले के महीनगांव पंचायत के यूएमएस मड़वा टोली विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने से दो दर्जन से अधिक बच्चे बीमार हो गये। बीमार बच्चों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. मौसम विभाग ने अगले छत्तीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, गया, जमुई, कटिहार, मुंगेर, नवादा और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा– नीट–यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस में बड़े पैमाने पर पेपर लीक की घटना नहीं हुई। पेपर लीक का मामला केवल पटना और हजारीबाग तक ही सीमित रहा।

03. एससी–एसटी आरक्षण में कोटे के अन्दर कोटे के प्रावधान पर राजनीति हुई तेज। राजद ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संविधान की मूल भावना के खिलाफ बताया।

04. और, सीबीआई दिल्ली राजेन्द्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन छात्रों की हुई मौत के मामले की जांच करेगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।